सैनिक बंधु की बैठक में उठीं पूर्व सैनिकों की समस्याएं

पडरौना/कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सैनिक



बंधु की बैठक हुई। इसमें पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनके त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व सैनिकों को सिविल डिफेंस से जुड़कर अपनी सेवाएं देने के लिए भी आमंत्रित किया गया। बैठक में कुल 30 पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहीं। इस दौरान पूर्व सैनिकों से संबंधित छह और एक सेवारत सैनिक सहित कुल सात प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन, शस्त्र लाइसेंस, धनराशि की धोखाधड़ी और सैनिक परिवार के उत्पीड़न से जुड़े मामले शामिल थे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनपद में सिविल डिफेंस के गठन की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही पूर्व सैनिकों से इस व्यवस्था से जुड़कर अपनी सेवाएं देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनके निस्तारण में गंभीरता बरती जाए। इससे पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन अरविन्द कुमार ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी और जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का अभिनंदन कर बैठक की कार्यवाही शुरू की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पवन कुमार, एनसीसी बटालियन पडरौना के सूबेदार संतोष पोद्दार, पूर्व सैनिक मेजर डॉ. एमके बरनवाल, कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, हवलदार शारदा प्रसाद सहित अन्य पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां मौजूद रहीं। संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कनिष्ठ सहायक प्रभाकर नाथ तिवारी ने किया। आयोजन में राजेश कुमार गुप्त, धर्मशीला, जालंधर प्रसाद और कार्यालय के अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

पूजा कर रहे लोगों से अभद्रता का आरोप, मुकदमा दर्ज

बभनौली (कुशीनगर)। सेवरही थाना क्षेत्र के गौरी जगदीश गांव में पूजा-अर्चना कर रहे लोगों के साथ कथित तौर पर अभद्रता और गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

❑गौरी जगदीश जगदीश गांव में धार्मिक आयोजन के दौरान गाली-गलौज करने की शिकायत, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार, मामले में नामजद आरोपी की तलाश की जा रही है। प्राथमिकी के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2026 की शाम करीब सात बजे गौरी जगदीश गांव के पश्चिम टोला में कुछ लोग हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर रहे थे।

आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने पूजा कर रहे लोगों को रोकते हुए हनुमान जी के प्रति गाली-गलौज और अपमानजनक टिप्पणी की। शिकायतकर्ता ने अपनी तहरीर में कहा है कि इस घटना से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और गांव में तनाव उत्पन्न होने की आशंका बनी। इस मामले में मधुसूदन चौहान पुत्र शिवशंकर चौहान, निवासी गगलवा, थाना विशुनपुरा, जनपद कुशीनगर ने सेवरही थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस अभिलेख के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 को शाम 4:21 बजे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 299, 300 और 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। उप निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है।

सांसद विजय कुमार दूबे ने दिवंगत स्टाफ नर्स के परिजनों को बंधाया ढांढ़स

पडरौना/कुशीनगर। रोडवेज बस दुर्घटना में जान गंवाने वाली स्टाफ नर्स अंजली मिश्रा के परिजनों से गुरुवार को कुशीनगर के सांसद



विजय कुमार दूबे ने मुलाकात की। कसया के संत गणिनाथ नगर स्थित आवास पर पहुंचकर उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और इस दुखद घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंगलवार को पडरौना में हुई बस दुर्घटना में 17 लोग घायल हुए थे, जबकि कसया निवासी अंजली मिश्रा की मौत हो गई थी। वह पडरौना के न्यू लाइफ हॉस्पिटल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थीं। उनके असामयिक निधन से परिवार में मातम पसरा है। परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि अंजली मिश्रा का असमय निधन बेहद पीड़ादायक है। परिवार के लिए यह ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

सांसद ने मौके पर मौजूद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अक्षय दीपक और तहसीलदार धनवीर सिंह से बातचीत कर मृतका के परिजनों को नियमानुसार अनुमन्य सरकारी सहायता और अन्य देय लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि पात्रता के अनुसार परिवार को मिलने वाली सहायता में अनावश्यक विलंब न हो। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, चमन यादव, विनोद गिरी, सुमित त्रिपाठी, डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, रविन्द्र मद्धेशिया, विपुल दूबे, सूरज तिवारी, आदर्श धर दूबे, गोल्डेन शुक्ला, उज्वल तिवारी, चंदन शर्मा, अनिल सिंह, अशोक कुशवाहा, अविनाश तिवारी सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने दो अभियुक्तों विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुनादी कराई

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम जगरनाथ छपरा में न्यायालय में पेश होने के लिए दो अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 84के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए गाँव में मुनादी कराई ।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगरनाथ छपरा निवासी द्रवि ? कुमार राय पुत्र ओमकार राय व जयकार राय पुत्र अमला राय के विरुद्ध थाने में अपराध संख्या396/24 मे अभियुक्त है । न्यायालय में पेश करने के लिए एसीजे/एडी/जेएम न्यायालय के कोर्ट कक्ष संख्या -27से उदघोषणा पत्र जारी किया गया था ।न्यायालय के आदेश पर घाँटी पुलिस चौकी के प्रभारी राहुल दुबे उपनिरीक्षक राधेश्याम सेहरा मुख्य आरक्षी संजय कुमार एवं आरक्षी भारतेंदु राय के साथ आरोपी के घर पहुंचे ।जहां न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए डग्गी के के साथ मुनादी करायी और नोटिस चस्पा किया ।

स्कूटी एवं पल्सर बाइक से टकराने से दो घायल

इंदिरा बाजार कुशीनगर । चौरा खास थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरा खास सड़क जो बाढ़ू चौराहा जाने वाली सड़क पर स्कूटी व पल्सर मोटरसाइकिल से भिड़ंत होने पर दोनों बाइक सवार व्यक्ति को चोट लग जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। दोनों बाइक चालक सवार एक ही गांव के बताए जा रहे हैं।

मार्ग पर घायल स्कूटी चालक दो महिलाएं हैं वहीं पल्सर मोटरसाइकिल चालक युवक है दोनों सड़क मार्ग से दो तरफ से आ रहे थे कि स्कूटी महिला अपने भाई के पत्नी को किसी कार्य बस फाजिलनगर जा रही थी कि सुहरहा वरम स्थान के समीप मार्ग पर दोनों बाइक में भिड़ंत हो जाने पर महिला स्कूटी बैठी महिला को चोट लग गई वही वाइक चालक को हल्के खरोंच लगा है दोनों बाइक घायलों को स्थानीय क्लिन चौरा खास प्राथमिक उपचार होने के उपरांत सीएचसी फाजिलनगर डिस्चार्ज कर परिजनों द्वारा इलाज कराने की बात बताई।

रॉकेट्री कप की तैयारियां तेज, जर्मन हैंगर लगाने के साथ सड़कों के गड्ढों की भराई शुरू

बभनौली (कुशीनगर)। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के पिपराघाट स्थित रकबा जंगली पट्टी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के 'IN-SPACe नारायणी

❑31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रकबा जंगली पट्टी में होगा राष्ट्रीय आयोजन, देशभर से जुटेंगे 600 से अधिक युवा प्रतिभागी

रॉकेट्री कप-2026' को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन के लिए कार्यक्रम स्थल पर जर्मन हैंगर लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं, प्रतिभागियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़कों के गड्ढों की भराई भी कराई जा रही है। आयोजन की तैयारियों की निगरानी के लिए मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने हाल ही में आयोजन स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान साफ-



सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने और परिवहन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से 600 से अधिक युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर आवश्यक ढांचागत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। आवास स्थल से कार्यक्रम स्थल तक प्रतिभागियों और वॉलंटियरों के सुरक्षित आवागमन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़कों की मरम्मत और गड्ढों की भराई शुरू होने से आयोजन स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों को दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है। 'IN-SPACe नारायणी रॉकेट्री कप-2026' का उद्देश्य युवाओं को रॉकेट्री, विज्ञान और अंतरिक्ष तकनीक से जुड़ी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक नवाचार और अंतरिक्ष तकनीक की संभावनाओं से परिचित कराने की योजना है। साथ ही कृषि क्षेत्र में उपग्रह आधारित तकनीक के उपयोग, फसलों के आकलन और फसल बीमा में इसकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। गंडक नदी के दियारा क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोजन से क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक नवाचार के नए अवसरों से परिचित होने का मौका मिलने की उम्मीद है।

मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के एक महिला द्वारा लगाये गये आरोप पर एक व्यक्ति के विरुद्ध दुश्कर्म का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है । महिला ने थाने में दिये गये थाने में तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मनीष कुमार नामक एक व्यक्ति मेरे दरवाजे को पीटने लगा ।उस समय सोई हुई थी ।उठकर दरवाजा खोली तो शराब के नशे में भद्दी -भद्दी गालियां देते हुए कहा कि रेप कर जान से मार डालूंगा ।ड्रायल 112को फोन की ।कोई जबाब नही मिला । घर में घुसकर अश्लील हरकत करते हुए दुश्कर्म का प्रयास करने लगा ।शोर मचाने पर भाग निकला ।इसके पहले भी अश्लील हरकत कर चुका है । तहरीर के आधार पुलिस आरोपी के विरुद्ध धारा 333,74,78,382,351(3)के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है ।

भोजन की गुणवत्ता को लेकर जनगणना प्रशिक्षण में उठ रहे हैं सवाल

बांसी (सिद्धार्थनगर)। नगर क्षेत्र अन्तर्गत सुभाष नगर वार्ड में स्थित महामाया पॉलिटेक्निक में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण में भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है। शिक्षकों का आरोप है कि प्रति थाली 200 रुपये की दर से कटौती की चर्चा के बावजूद उन्हें ठंडी और खराब हालत में आलू-गोभी की सब्जी, निम्न गुणवत्ता का चावल और मटर की दाल परोसी जा रही है। अवधेश चंद मिश्र, नवनीत पांडेय, राहुल कुमार ,यशवंत शुक्ला, दिव्य प्रकाश, अशोक, वीरेंद्र प्रताप सिंह, श्रवण कुमार, सदानंद आदि शिक्षकों ने भोजन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सिंगल-यूज प्लास्टिक की प्लेटों के इस्तेमाल पर भी आपत्ति जताई। शिक्षकों ने भोजन की गुणवत्ता, निर्धारित दर और वास्तविक खर्च की जांच कराने की मांग की है। सवाल है कि जब थाली की दर 200 रुपये बताई जा रही है, तो भोजन की गुणवत्ता इतनी खराब क्यों है। उप जिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह के अनुसार एक दिन गुणवत्ता को लेकर लोग सवाल उठाए थे उसके बाद व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है खुद तहसीलदार प्रतिदिन भोजन वही करते हैं। इस तरह की कोई शिकायत नहीं है। फिर भी अगर कहीं कोई गड़बड़ी है तो मैं फीडबैक ले ले रहा हूं और शीघ्र ही व्यवस्था को बेहतर कराया जाएगा।

मनुष्य के जीवन में सुख और शान्ति के लिए शाकाहारी और अच्छे विचारों का होना आवश्यक

हाटा(कुशीनगर)। मानव जीवन को सफल बनाने और सुख शान्ति के लिए मनुष्य को



शाकाहारी होने के साथ साथ अच्छे विचारों का होना अत्यन्त अवश्यक है। और मनुष्य जीवन में अच्छे विचार अच्छे संगत और सत्संग से आ सकता है। उक्त बातें विकास खण्ड मोतीचक अन्तर्गत ग्राम सभा अथरहा में परम संत बाबा जय गुरुदेव महराज के संदेशों को सुनाते हुए बुधवार की देर रात सन्देश वाहक बैकुंठ दूबे ने कहा। उन्होंने कहा कि समय समय पर इस धरा धाम पर मनुष्य को मार्ग दर्शन देने के लिए संत अवतरित होते रहे हैं। इस कलयुग में बाबा जयगुरुदेव जी महराज ने मनुष्यों को उनके जीवन को सार्थक बनाने के लिए शाकाहारी होने का सन्देश दिया।

उन्होंने आगे कहा मनुष्य जाति को जीवों पर दया करनी चाहिए और और अन्य सभी प्रकार के जीव पर करुणा का भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर खण्ड अध्यक्ष रामश्री चौहान, नन्हे बाबू, शैलेन्द्र सिंह, विवेक मौर्या, रमाकांत मौर्या, मुरलीधर कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, सत्येन्द्र कुशवाहा, दिलीप पटेल, अजीत सिंह, प्रकाश सोनी, अजय पटेल, श्रीराम शर्मा, सुदामा कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, रामप्रताप सिंह, मदन यादव, रामाश्रय चौहान, छांगुर कुशवाहा, अमरजीत कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, रामसूचित कुशवाहा, मुन्ना यादव सहित सैक ौ श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डिस्चार्ज कम, फिर भी कटान तेज, चैनपट्टी में एपी तटबंध पर बढ़ा खतरा

बभनौली (कुशीनगर)। नारायणी नदी का डिस्चार्ज कम होने के बावजूद एपी तटबंध पर कटान का सिलसिला थम नहीं रहा है। अहिरौली दान के बाद अब चैनपट्टी में भी नदी का दबाव बढ़ गया है। तटबंध के किमी 4.400 के पास तेज कटान से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। सूचना मिलने

❑किमी 4.400 के पास बैक रोलिंग से मिट्टी का कटाव जारी, बोल्डर और जियो बैग से बचाव में जुटा बाढ़ खंड; पिछले साल के कार्यों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

पर मौके पर पहुंचे बाढ़ खंड के अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। विभाग की ओर से बोल्डर और जियो बैग डालकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चैनपट्टी में किमी 4.320 स्थित स्पर के आगे नदी बैक रोलिंग करते हुए मिट्टी का कटाव कर रही है। इससे तटबंध के किनारे की मिट्टी लगातार नदी में समा रही है। नदी का डिस्चार्ज कम होने के बाद भी कटान जारी रहने से बचाव कार्यों की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। उधर, अहिरौली दान में भी कटान जारी रहने से नदी किनारे बसे गांवों पर खतरा बना हुआ है। कटान से प्रभावित ग्रामीणों ने पिछले वर्ष कराए गए बचाव कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि परियोजना के तहत कराए गए कार्य अपेक्षित रूप से प्रभावी नहीं रहे।



ग्रामीणों के मुताबिक, कटान वाले हिस्से में रिवेटमेंट और बोल्डर से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष की परियोजना की गुणवत्ता और मौजूदा कटान स्थल पर हुए कार्यों की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का जलस्तर और डिस्चार्ज कम होने के दौरान कटान रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। यदि कटान इसी तरह जारी रहा तो मुख्य तटबंध के लिए खतरा बढ़ सकता है। उनका मानना है कि समय रहते ठोस बचाव कार्य नहीं किए गए तो नदी किनारे बसे लोगों को एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बाढ़ खंड के एसडीओ दीप रतन सिंह ने बताया कि नदी की धारा अलग-अलग स्थानों पर बैक रोलिंग कर रही है। इससे पानी का वेग एप्रन से टकरा रहा है और प्राकृतिक रूप से कटान हो रहा है। कटान को रोकने के लिए बोल्डर डाले जा रहे हैं तथा बचाव कार्य किए जा रहे हैं।

फिलहाल, चैनपट्टी में जारी कटान को रोकना बाढ़ खंड के लिए चुनौती बना हुआ है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मौजूदा बचाव कार्य कितने प्रभावी साबित होते हैं और पिछले वर्ष कराए गए कार्यों की गुणवत्ता से जुड़े ग्रामीणों के सवालों पर विभाग क्या कदम उठाता है।

मनबढ़ों ने कांस्टेबल से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

गौरी बाजार ,देवरिया । गौरी बाजार थाना क्षेत्र के इंदूपुर मेले में युवको के बीच मारपीट में बीच बचाव करने पहुंचे ड्यूटी पर तैनात एक कांस्टेबल के लिए मंहगा पड़ गया जब कुछ आरोपित मनबढ़ युवको ने अचानक हमला कर कांस्टेबल को घायल कर दिया। थोड़ी देरबाद मनबढ मौके से फरार हो गए। स्थानीय पुलिस में कांस्टेबल तथा मिलेमें आए घायल युवक की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक युवक को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार दशहरे के अवसर पर इंदूपुर मेले में कुछ मनबढ एक युवक के साथ मारपीट कर रहेथे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के तहत कई थानोंकी पुलिस की तैनाती की गई थी । इस दौरान सूचना मिलते ही मेले में आए मदनपुर थाने का एक कांस्टेबल विवादसुलझाने वहां पहुंचा। इस बीच आरोपित युवकों से उसकी उसकी कहासुनी होने लगी आरोप है कि युवको ने कांस्टेबल को मारपीट कर जख्मी कर दिया। इसके बाद वह मौके से भाग निकले ।चर्चा हैकि आरोपित युवक एक प्रभावशाली नेता के करीबी हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटना की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियो को दी ।उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिसने बुधवार को देर रात कांस्टेबल तथा मेले मे मनबढो की पिटाई से घायल युवक की तहरीर आरोपितदो युवको के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इनमें से एक को रुद्रपुरक्षेत्र के एक प्रभावशाली नेता के आवाससे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दूसरेआरोपी की तलाश की जा रही है क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि मेले में कईथानों के आरक्षी की ड्यूटीलगी है। घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

हत्या कर फेंके गए शव का हुआ अंतिम संस्कार, आशंकाओं का बाज़ार गर्म

समउर बाजार कुशीनगर । कस्बा से सटे बिहार प्रदेश के अमेया ग्राम पंचायत के भागीपट्टी झील में बुधवार की सुबह एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिले ।सुचना पर पहुंची गोपालगंज जिले के कटेया थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे मे ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मृतक का सिर इट-पत्थर से बुरी तरह कूचल दिया गया था, उसके प्राइवेट पार्ट से भी छेड़छाड़ किया गया था। उसे भी पत्थर से चोट मारकर कुचल दिया गया था ।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवा दिया है और बुधवार को ही शाम पाच बजे उक्त युवक की शव का अंतिम संस्कार परिजनों द्वारा कर दिया गया ।

स्थानीय लोगो से मुताबिक घटना प्रेम प्रसंग से जुडा हो सकता है।

बिहार प्रान्त के सीमावर्ती कटेया थाना क्षेत्र के अमेया ग्राम पंचायत के भागीपट्टी टोले के आकाश राम 24 वर्ष का शव उसके घर से पांच सौ मीटर की दुरी पर गाँव मे स्थित एक मंदिर के बगल मे क्षत-विक्षत हालत मे ग्रामीणों को दिखा। जिसके बाद मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई। इसी बिच किसी ने इसकी सुचना कटेया थाने पर दे दिया ।सुचना पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार मयफोर्स मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल किया। ईस दौरान मृतक के सिर को बुरी तरह कूच दिया गया था व उसके प्राइवेट पार्ट मे भी छेड़छाड़ कर नुकसान पहुंचाया गया था। मृतक आकाश (28) टेम्पो पर सब्जी बेचकर अपना जीवन यापन करता था। ग्रामीणों व पुलिस सूत्रों की माने तो मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हो सकता है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष कटेया अवधेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पीएम कराया गया है रिपोर्ट के आधार पर हत्या के करण की पता चलेगी ।

ऐसे प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का ही प्रतीत हो रहा है, उच्चधिकारियों को अवगत कराते हुवे सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है ।जल्द की इसका खुलासा किया जाएगा ।

शव के पास मिले पानी पीने वाली जग में लगा मिट का प्याज वाला मसाला दो महिलाओं के चप्पल ये संकेत दे रहा है की पार्टी हुई थी यदि पार्टी हुई तो उसमे था कौन ये पुलिस के जाँच का विषय है। मृतक युवक की माँ के मुताबिक वह आठ बजे सो गया फिर घटना का समय 10बजे रात्री के बाद ही है या कुछ और ।ग्रामीणों में आक्रोश है जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है शव देखकर उसकी क्रूरता का अंदाजा लगाया जा सकता है ये घटना वही की गई जहाँ शव मिला या उसे कही और मार कर यहाँ लाकर फेक दिया गया ये जाँच का विषय है ये हत्या पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है प्रेम प्रसंग की चर्चा जोरो पर ।

बदमाशों ने छीना महिला का मंगलसूत्र

गौरी बाजार ,देवरिया ।गौरी बाजार रुद्रपुर मार्ग पर ब्लॉकमुख्यालय के समीप अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का मंगलसूत्र छीनकर चंपतहो गए। पुलिस महिलाके भाई की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है। क्षेत्र के सेखुई गांव निवासी अजय निषाद पुत्र लालचंदनिषाद अपनी बहन संगीता देवी के साथ बुधवारको किसी काम से गौरी बाजार आए थे। देर शाम वह बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच गौरी बाजार ब्लॉक मोड़ के आगे पेट्रोलपंप के समीप पीछे से तेज रफ्तार आ रहे दो पल्सरबाइक सवार बदमाशों ने उनकी बहन के गले से मंगलसूत्र छीन लिया तथा रुद्रपुरकी ओर फरार हो गए। इस दौरान बाइक पर सवार महिला गिरने से बाल बाल बच गई। घटना के बाद थाने में पहुंचे महिलाके भाई अजय निषाद ने पुलिसको अपनीलिखित तहरीर दी। पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अपराधियों की शीघ्र धर पकड़ कर लीजाएगी।

ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में एक से पाँच नवंबर तक होगा भव्य रामायण मंचन

कसया, कुशीनगर। मर्यादा, संस्कार और नैतिक मूल्यों का संदेश लेकर दिलीपनगर



(धनीपट्टी) स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में एक से पाँच नवंबर तक पांच दिवसीय भव्य रामायण मंचन का आयोजन किया जाएगा।

प्रतिदिन शाम सात बजे से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों की मनोहारी प्रस्तुति होगी। यह मंचन सांस्कृतिक संगम, सलेमपुर/गोरखपुर के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध नाट्य निर्देशक मानवेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में होगा। आयोजन ओम सेवा समिति, दिलीपनगर द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक बुद्धा पीजी कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर सिंह हैं। आयोजन समिति ने बताया कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक हैं। रामायण मंचन का उद्देश्य केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक चेतना और चारित्रिक दृढ़ता का विकास करना है। आयोजन में डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. कालिंदी त्रिपाठी, दीप नारायण अग्रवाल, ज्ञानवर्धन गोविंदराव, अखिलेश गोयल, सुधीर शाही, आर.के. भट्ट, वीरेश राय, डॉ. निगम मौर्य सहित प्रधान प्रतिनिधि कामोद सिंह, जयप्रकाश, अक्षय गुप्ता, संजय कौशिक, दयाशंकर सिंह, बालिस्टर सिंह, रामचंद्र गुप्ता, अखिलेश पाण्डेय एवं भृगुनाथ श्रीवास्तव सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति ने सभी रामभक्तों से सपरिवार सहभागिता की अपील की है।